
हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com
रायपुर, शुक्रवार 18 अक्टूबर 2024





लेट्स प्ले / पूर्ति खरे

# खेलें खेल
## बनें एक्टिव-हेल्दी-हैप्पी

खेलना हर बच्चे को पसंद होता है। स्टडी और बाकी रूटीन-वर्क के साथ-साथ खेलना भी बहुत जरूरी होता है। खेलने से ताजगी तो मिलती ही है, शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य भी सही रहता है। खेलना क्यों जरूरी है, इससे क्या फायदे हैं, जानो।

बच्चों, तुमने घर के बड़ों के मुंह से अकसर सुना होगा, 'स्वस्थ तन में स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है।' पढ़ाई और बाकी मेंटल एक्टिविटीज में एक्टिव रहने के लिए तुम्हारा फिजिकली फिट रहना बहुत जरूरी है। जब तुम कोई गेम, खासकर आउटडोर गेम खेलते हो तो इससे तुम्हारा शरीर फिट रहता है, साथ ही मानसिक विकास भी अच्छा होता है। इसके अलावा खेलने से दूसरे और भी कई लाभ हैं, तुम्हें इसकी भी जानकारी होनी चाहिए, ताकि तुम शारीरिक और मानसिक रूप से हमेशा स्वस्थ रहो।



**उमंग-उत्साह का संचार:** हमारा मन हमेशा उन कामों को करना चाहता है, जिसे करने में हमें खुशी मिलती है। खेल कुछ ऐसी ही एक्टिविटी है, जब भी हम कोई खेल खेलते हैं, हम उमंग-उत्साह से भर उठते हैं। इससे हमें एक पॉजिटिव एनर्जी मिलती है। इससे हमारा कंसंट्रेशन अच्छा होता है, जो पढ़ाई में काम आता है, साथ ही अन्य दूसरी एक्टिविटीज में हम आगे बढ़ते हैं। यही वजह है कि आजकल स्कूलों में भी फिजिकल और मेंटल एक्टिविटीज को इंपॉर्टेंस दी जाती है।

**बनते हैं डिसिप्लींड-सेल्फ डिपेंड:** खेल में सफल होने के लिए एक डिसिप्लीन तो जरूरी है ही, साथ ही स्वयं के प्रयास भी बहुत जरूरी हैं, यही प्रयास हमें सेल्फ डिपेंड बनाते हैं। खेल में सफल होने के लिए नियमित अभ्यास भी बहुत जरूरी है। जो खिलाड़ी इन तीनों बातों का पालन करता है, वह बेहतर प्रदर्शन करता है, सफल होता है। इस तरह खेल हमें सिखाते हैं कि सफल जीवन के लिए डिसिप्लीन, सेल्फ डिपेंडेंट और निरंतर अभ्यास बहुत जरूरी हैं।

**पता चलता है संगठित शक्ति का महत्व:** अधिकांश खेल समूह में खेले जाते हैं। प्रतियोगी टीमें एक-दूसरे के खिलाफ खेलती हैं, लेकिन वे अपनी टीम के प्रति सहयोगात्मक और समर्पित रहती हैं। खेल हमें सिखाते हैं कि जब हम संगठित होकर काम करते हैं, तो निश्चित ही हम श्रेष्ठ परिणाम प्राप्त कर सकते हैं।



**प्रतिस्पर्धा की भावना हमें श्रेष्ठ करने का जज्बा देती है:** प्रतिस्पर्धा हमें दूसरों से आगे निकलने के लिए प्रेरित करती है। खेलों में यह भावना पूरी तरह से देखी जाती है। यह हमें सिखाती है कि जो आज अच्छा है, वह कल और बेहतर हो सकता है। यही भावना जीवन में भी लागू होती है, जो हमें बेहतर से भी बेहतर करने के लिए प्रेरित करती है।

**बढ़ती है मेंटल-फिजिकल एक्टिविटी:** आजकल बच्चे सोशल मीडिया पर बहुत एक्टिव हैं, इससे उनकी सेहत और याददाश्त प्रभावित होती है। खेल शारीरिक और मानसिक दोनों प्रकार की सक्रियता प्रदान करते हैं, इससे सेहत और याददाश्त सुधरती है। खेल ना केवल तन को बल्कि मन को भी तंदुरुस्त रखते हैं। इस तरह शारीरिक सक्रियता के लिए खेलना जरूरी है।

**हरेक खेल का है अपना महत्व:** खेल के मैदान में खेले जाने वाले खेल हों या दिमागी खेल, हर खेल का अपना महत्व है। खेल जीवन को सक्रिय और दिलचस्प बनाते हैं। हर खेल हमें जीवन से जुड़ी कोई ना कोई सीख देता है। खेलों के माध्यम से हम समय का उपयोग बेहतर ढंग से कर सकते हैं, खुद को रिफ्रेश और अपने जीवन को खुशहाल बना सकते हैं। *

### कुछ पुराने रोचक खेल

**जब बात** खेलों की चल ही रही है तो हम कुछ पुराने और परंपरागत खेलों को भी याद करें। ये खेल बहुत ही रोचक, दिलचस्प और मनोरंजक होते थे। बच्चों, जानो इन खेलों के बारे में।





**घोड़ा दीवानशाही:** यह एक समूह में खेला जाने वाला खेल है, जिसे बच्चे गोल घेरे में बैठकर खेलते हैं। किसी एक बच्चे के पीछे कपड़े का एक कोड़ा चुपके से रखा जाता है। अगर उसे कोड़े रखे जाना का पता नहीं चलता तो फिर उस पर कोड़े बरसाए जाते हैं।

**गिल्ली-डंडा:** बहुत ही पुराना खेल है गिल्ली-डंडा। इसमें गिल्ली को डंडे से उछालकर खेला जाता है।

**चपेटा (गोटा):** लड़कियां इस खेल को ज्यादा खेलती हैं। इस खेल में लड़कियां छोटे पत्थर उछाल कर अपने हाथ से पकड़ती हैं।

**चंदा-पउवा (कौड़ी):** चार खिलाड़ियों के साथ खेला जाने वाला खेल, जिसमें गोटियों से अंक जुटाए जाते हैं।

**पर्ची वाले खेल:** पढ़ाई को मजेदार बनाने के लिए यह खेल खेला जाता है, जिसमें वस्तु और शहर के नाम लिखे जाते हैं।

**गिप्पी:** यह खेल चिकने पत्थर से खेला जाता है, इस खेल को ज्यादातर लड़कियां ही खेलती हैं।

**अंताक्षरी:** कई लोग बैठकर यह खेल खेलते हैं। इसमें दो टीम होती हैं। गाने के अंतिम अक्षर पर टीम के किसी सदस्य हो गाना होता है। एक टीम के सदस्य का गाना खत्म होने पर दूसरी टीम का सदस्य गाने के अंतिम अक्षर का गाना गाता है। यह खेल बहुत मनोरंजक होता है।

यह भी जानो / नयनतारा

बच्चों, ऑर्केस्ट्रा में, फिल्मी गीतों में या फिर गीत-संगीत के किसी कार्यक्रम में बहुत सारे म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट्स के साथ-साथ सबसे अधिक संख्या में जो इंस्ट्रूमेंट प्ले किया जाता है, वह है- वायलिन! आओ, हम तुम्हें 'साजों की रानी' वायलिन के आविष्कार की कहानी बताते हैं।



# वायलिन के आविष्कार की कहानी

बच्चों, अगर तुम सौ संगीतकारों का कोई ऑर्केस्ट्रा देखोगे तो उसमें तीस से अधिक वायलिन बजाने वाले होंगे। वायलिन की टोन, इससे निकलने वाली धुनों और इसके एक्सप्रेशन के मल्टीपल लेवल और विस्तृत रेंज के कारण इसे ऑर्केस्ट्रा और अन्य म्यूजिकल इवेंट्स में अधिक महत्व दिया जाता है।

**वायलिन के शुरुआत की जड़ें भारत में:** बच्चों, वायलिन को विकसित होने में सैकड़ों वर्ष लगे। इसकी शुरुआत अपने देश भारत से मानी जाती है। दरअसल, हमारे देश में ही तारों के साज (म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट) बजाने का चलन आरंभ हुआ था। समय के साथ वीणा, सारंगी, तंबूरा, एकतारा, सितार जैसे साजों का आविष्कार होता गया और ये साज प्रचलन में आते गए। हम देख सकते हैं, आज भी हमारे लोक संगीत में एकतारा, सारंगी, सितार आदि तार वाले म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट्स प्रमुखता से बजाए जाते हैं।



इकतारा

वीणा

रेबेक

विएल्ले

**हमसे इंस्पायर हुए यूरोपवासी:** हमारे तार वाले म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट्स से प्रेरित होकर ही मध्य युग के शुरुआत में यूरोप में अनेक तार वाले साज, 'बो'(धनुषाकार तार वाला उपकरण) के जरिए बजाए जाने लगे। इन साजों में से ही एक 'वीएल्ले' था, जो यूरोप में संभवतः 10वीं शताब्दी में बजाया जाने लगा था। इसे संगीतकार अपने कंधे से लगाकर बजाता था।

**दो साजों के मिलने से बना एक साज:** आगे चलकर वीएल्ले के स्वरूप में भी परिवर्तन आया। उन दिनों एक अरबी साज 'रबाब' या 'रेबेक' भी प्रचलन में आ चुका था। वीएल्ले की स्ट्रेंडी बॉडी में बहुत होशियारी से रबाब के पेग शामिल कर दिए गए और इस मिश्रण से एक नए साज का जन्म हुआ। यह नए प्रकार का इंस्ट्रूमेंट कुछ-कुछ वायलिन जैसा ही था।

**वायलिन के वास्तविक स्वरूप का आविष्कार:** वैसे तो वायलिन को अपना बुनियादी आकार सन 1550 और 1600 के बीच में मिला और तब से उसमें बहुत मामूली परिवर्तन ही आया है। सबसे सफल वायलिन 17वीं-18वीं शताब्दी में बनाए गए। इटली के अंटोनियो स्ट्राडिवारी का वायलिन निर्माण के क्षेत्र में बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान रहा। स्ट्राडिवरी अलग-अलग प्रकार के म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट्स का निर्माण करते थे। इन्होंने एक हजार से अधिक म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट्स का आविष्कार किया था, जिनमें से अधिकतर वायलिन थे। म्यूजिक और वायलिन के प्रति इनकी दीवानगी के कारण स्ट्राडिवरी को 'उस्तादों का उस्ताद' कहा जाता था।

बच्चों, पांच सौ से अधिक वायलिंस ऐसे हैं, जिनके नाम उन महान संगीतकारों के नाम पर पड़े, जो उन्हें बजाते थे, जैसे-विओट्टी..आदि। *

### जीके क्विज-125



1. हाल ही में किस फेमस टेनिस खिलाड़ी ने संन्यास की घोषणा की?
2. चुनाव के बाद एक बार फिर से हरियाणा के मुख्यमंत्री कौन बने हैं?
3. पिछले दिनों फ्रांस के नए प्रधानमंत्री कौन बने हैं?
4. आइसीसी महिला टी-20 वर्ल्ड कप का आयोजन कहां किया जा रहा है?
5. स्वाधीनता से पूर्व साइमन कमीशन कब भारत आया था?
6. हीराकुंड बांध किस राज्य में स्थित है?
7. 'दिल्ली चलो' का नारा किसने दिया था?
8. एफिल टावर कहां स्थित है?
9. 'मालगुडी डेज' पुस्तक के लेखक कौन हैं?
10. सर्वप्रथम किस विदेशी यात्री ने भारत की यात्रा की थी?

बच्चों, जीके क्विज-125 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-124 का उत्तर :** 1.यूएई, 2.विराट कोहली, 3.मिथुन चक्रवर्ती, 4.जर्मनी, 5. पामीर का पठार, 6.लोहा, 7.कैरोटीन, 8.शेरशाह सूरी, 9.ए. पी. जे. अब्दुल कलाम, 10.मत्स्य पालन

**जीके क्विज-124 का सही उत्तर देने वाले :** अनिल-राजनांदगांव, कबीर-हिसार, मानवी मधुकर-बिलासपुर, क्षमानिधि-बेमेतरा, पृथ्वीराज-बिलासपुर, शुभम-बिलासपुर, जय-दुर्ग, बी. आकांक्षा-अहमदाबाद, बी. ईशान-अहमदाबाद, आशुतोष-परसदा, आर्यन-रोहतक, दिव्या-रायपुर, हितेश-महासमुंद

### हंसगुल्ले




**नव्या :** दुनिया में कितने देश हैं?
**नैंसी :** सिर्फ एक देश है–भारत।
**नव्या :** तो फिर अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी, रूस ये सब क्या हैं?
**नैंसी :** अरे बुद्धू, वो सब तो विदेश हैं।
**-खुशबू, रायपुर**

चिंटू स्कूल जाते हुए बहुत रो रहा था।
**पापा :** चुप हो जाओ.. शेर बच्चे रोते नहीं।
**चिंटू :** लेकिन शेर बच्चे स्कूल भी तो नहीं जाते।
**-राहुल, महासमुंद**

**मोनू :** मैं चावल को बर्फ बना सकता हूं।
**सोनू :** (आश्चर्य से) वो कैसे?
**मोनू :** 'R' हटाकर।
**सोनू :** मतलब?
**मोनू :** जब हम RICE (चावल) में से R हटा देंगे तो ICE (बर्फ) ही तो बचेगा न।
**-कुमकुम, बिलासपुर**

# गोलू और नन्ही चिड़िया

गोलू अपने मामा के गांव से लौटकर आया तो उसे वहां के बगीचे में फुदकती एक चिड़िया बहुत याद आती। उसका यही मन करता, वह चिड़िया यहां भी दिखाई दे। लेकिन चिड़िया दिखाई कैसे देती, उसके घर के आस-पास कोई पेड़ ही नहीं था, जिस पर आकर चिड़िया बैठती, चहकती। क्या गोलू अपने घर के आस-पास पेड़ की कोई व्यवस्था कर पाया?



कहानी
कल्लोल चक्रवर्ती

विद्यालय में दशहरे की छुट्टियां हुईं तो गोलू अपने मामा के गांव चला गया। वहां से जब वह वापस अपने घर लौटा तो उदास था। मामा के गांव में उसके कई दोस्त बन गए थे। उन सबकी गोलू को बहुत याद आ रही थी। सबसे ज्यादा नन्ही चिड़िया याद आ रही थी, जो रोज सुबह बगीचे में उससे मिलने आती थी। हुआ यह कि एक सुबह गोलू बगीचे में बैठा दूध-रोटी खा रहा था, तभी उसकी नजर अमरूद के पेड़ की निचली डाल पर बैठी एक सुंदर-सी चिड़िया पर पड़ी। गोलू को लगा कि चिड़िया उसे दूध-रोटी खाता देख रही है। उसने रोटी का एक टुकड़ा चिड़िया के सामने फेंक दिया, पहले तो चिड़िया ने उसे टुकुर-टुकुर गर्दन मटकाते देखा फिर रोटी का टुकड़ा आकर खा लिया। अगले दिन फिर ऐसे ही हुआ। फिर तो यह गोलू का खेल ही बन गया। मामी उसे खाने के लिए कटोरी में दूध-रोटी देतीं, तो वह बगीचे में जाकर बैठ जाता। एक-दो कौर खाने के बाद ही देखता कि चिड़िया अमरूद के पेड़ की डाल पर आ बैठी है। उससे रोटी पाने का इंतजार कर रही है। गोलू को आश्चर्य होता कि चिड़िया को उसके आने का पता कैसे लगा जाता है? गोलू की इस चिड़िया से बहुत अच्छी दोस्ती हो गई थी।

गोलू जब वापस शहर अपने घर पर लौटा तो भी वह चिड़िया उसे बहुत याद आ रही थी। गोलू की आंखों में आंसू आ गए। उसकी मां ने देखा तो उन्हें यही लगा, मामा के गांव के दोस्तों का साथ छूट जाने से वह दुखी है।

गोलू रात सोया तो सपने में वही नन्ही सुंदर चिड़िया आई। पेड़ पर बैठकर वह गोलू को देख रही थी। गोलू बहुत खुश था। सुबह उठने पर उसे यकीन ही नहीं हुआ कि वह अपने घर में है। गोलू कटोरी में दूध-रोटी लेकर घर के बाहर बैठ गया। उसे लगा कि शायद यहां शहर में भी चिड़िया आएगी। लेकिन यहां दूर-दूर तक कोई चिड़िया नहीं थी। स्कूल जाते हुए वह पूरे रास्ते इधर-उधर देखता रहा कि कहीं वह चिड़िया दिख जाए। उसने दोस्तों से सुना था, चिड़िया उड़कर कहीं भी पहुंच सकती है। स्कूल में पढ़ाई के समय भी वह क्लास में चिड़िया के बारे में सोचता रहा। उसे अपने जिगरी दोस्त चीकू से मिलकर भी खुशी नहीं हुई। स्कूल में छुट्टी होने के बाद घर लौटते समय गोलू ने चीकू को उस चिड़िया के बारे में बताया। चीकू ने बताया, 'मेरे चाचा ने एक चिड़िया पाली थी, पर वह दो दिन में ही उड़ गई। अब वह कभी-कभी पास के पेड़ की डाल पर आकर बैठती है। पेड़ ही तो चिड़िया के घर होते हैं।'

यह सुनकर गोलू उदास हो गया। उसके घर के सामने तो कोई पेड़ ही नहीं है। घर लौटते ही उसने देखा कि दरवाजे पर दादी बैठी हैं। गोलू ने दादी से कहा, 'मैं घर के सामने पेड़ लगाऊंगा, तभी तो चिड़िया बैठेगी।' दादी यह सुनकर जोर से हंस पड़ीं, बोलीं, 'पौधे लगाएगा, तभी तो पेड़ बनेंगे।'

गोलू सोच में पड़ गया कि वह पौधे लाए तो कहां से लाए? दादी को पता था कि ननिहाल से लौटने के बाद से ही गोलू उदास है। उन्होंने कहा, 'तू चिंता मत कर। हरिया माली से कहकर कुछ पौधे मंगवा लूंगी मैं। वह लगा भी देगा।'

अगले दिन गोलू ने स्कूल से आकर देखा कि घर के सामने कुछ पौधे लगाकर हरिया काका ने उन्हें बांस से घेर भी दिया है। खुशी से वह अंदर गया, तो दादी बोलीं, 'बेटा, सिर्फ खुश होने से काम नहीं चलेगा। इन नन्हे पौधों में रोज पानी तुझे ही देना होगा, तभी ये पेड़ बनेंगे, इनमें फूल खिलेंगे, फल आएंगे। इन पर आकर कई सारी चिड़ियां बैठेंगी।'

गोलू खुशी-खुशी राजी हो गया। मन ही मन बोला कि कल स्कूल जाने पर चीकू को सबसे पहले यह खबर दूंगा। उस रात सपने में गोलू को फिर वह चिड़िया दिखाई दी। इस बार वह मामा के घर के बगीचे में अमरूद के पेड़ पर नहीं, उसके घर के सामने लगे पौधों के बीच इधर-उधर फुदक रही है। *

कविता
राम नरेश 'उज्ज्वल'



### उड़कर आसमान को छू लें

चिड़िया रानी पंख हमें दो, हम ऊंचे उड़ जाएं।
बिना पेड़ पर चढ़े रसीले, आम तोड़ कर खाएं।।
पंख हमें दो ऐसे, जिसमें हों सोने के सिक्के,
जिसे देख कर धरतीवासी रह जाएं भौचक्के,
गिरें टपाटप सिक्के, पांखें जितनी बार हिलाएं।
चिड़िया रानी पंख हमें दो, हम ऊंचे उड़ जाएं।।
आसमान में छैल-छबीली ढेरों उड़ें पतंगें,
लड़ें पेंच पर पेंच सैकड़ों जब भी कटें पतंगें,
कटी पतंगों को उड़कर हम पकड़-पकड़ फिर लाएं।
चिड़िया रानी पंख हमें दो, हम ऊंचे उड़ जाएं।।
नाना जी के घर जाना हो या जाना हो मेला,
जाम लगा हो या सड़कों पर उमड़ रहा हो रेला,
पल में पंख पसारें अपनी मंजिल को हम पाएं।
चिड़िया रानी पंख हमें दो, हम ऊंचे उड़ जाएं।।
बस गाड़ी का इंतजार भी करना नहीं पड़ेगा,
मम्मी-पापा को संग लेकर चलना नहीं पड़ेगा,
उड़कर पढ़ने जाएं, विद्यालय से उड़कर आएं।
चिड़िया रानी पंख हमें दो, हम ऊंचे उड़ जाएं।।
चिड़िया बोली पंख तुम्हारे भीतर लगे हुए हैं,
हिम्मत, ताकत, जोश, हौसले के पर उगे हुए हैं
बस अंदर झांकें, अपने इन पंखों को फैलाएं।
उड़कर आसमान को छू लें, जो चाहें, वो पाएं।।

### अंतर बताओ

बच्चों, यहां जंगल की सैर पर निकले भोलू भालू के दो चित्र दिए गए हैं। ये दोनों चित्र दिखने में एक जैसे हैं, लेकिन इनमें सात अंतर हैं। तुम्हें पांच मिनट में ये सात अंतर खोजने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट ये सातों अंतर खोजो।





उत्तर: 1.भोलू भालू की कैप का रंग बदला हुआ है। 2.उसके सिर के ऊपर बादल के दो टुकड़े दिख रहे हैं। 3.ऊपर बाईं तरफ पेड़ की टहनी से लौकी गायब है। 4.ऊपर दाईं तरफ की टहनी में अलग तरह की पत्तियां दिख रही हैं। 5.नीचे दाईं तरफ घोंघा (स्नेल) का कलर बदला हुआ है। 6.नीचे बाईं तरफ दो फूलों का रंग बदला हुआ है। 7.नीचे भालू के आगे अलग किस्म के दो मशरूम दिख रहे हैं।

### पूरा करो लोकोक्ति-मुहावरे

बच्चों, यहां कुछ अधूरी लोकोक्तियां और मुहावरे दिए गए हैं, इन सभी में रिक्त स्थानों पर शरीर के किसी-न-किसी अंग का नाम भरने से ये पूरे और अर्थपूर्ण हो जाएंगे। तुम रिक्त स्थानों में उपयुक्त अंगों का नाम भरकर इन लोकोक्तियों/मुहावरों को पूरा करो।

1. ............ का तारा होना।
2. ............ पर जूं न रेंगना।
3. ............ का बाल होना।
4. ............ पर सवार होना।
5. ............ पर मूंग दलना।
6. ............चौड़ा होना।
7. ............ का पानी न हिलना।
8. ............ मुंह को आना।
9. ............ की जूती।
10. ............बांका न होना।
11. ............धोकर पीछे पड़ना।
12. ............जाए पर दमड़ी न जाए।
13. ............ खट्टे करना।
14. ............ टेक देना।
15. ............पर मौत सवार होना।

प्रस्तुति : दीनदयाल शर्मा

उत्तर : 1. आंख 2. कान 3. नाक 4. सिर 5. छाती 6.सीना 7. पेट 8. कलेजा 9. पैर 10. बाल 11. हाथ 12. चमड़ी 13. दांत 14. घुटने 15. सिर

### सही परछाई पहचानो

बच्चों, यहां बाईं तरफ एक नन्ही परी का चित्र दिया गया है। दाईं तरफ चार परछाइयां भी दी गई हैं। ध्यान से देखकर बताओ कि इस नन्ही परी के चित्र की सही परछाई कौन-सी है?




उत्तर-2

तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, शुक्रवार 18 अक्टूबर 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



12 लाखेनगर चौक का होगा सौंदर्यीकरण, नजर आएगी पहाड़ी मैना ...





14 कोई गलत तरीके से छूए, तो डरें नहीं, जोर से ...




## खबर संक्षेप



### जाति व निवास प्रमाण पत्र बनाने लगा शिविर

**मारो।** स्वामी आत्मानंद स्कूल मारो में जोन स्तरीय जाति व निवास प्रमाण पत्र निर्माण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला शिक्षा अधिकारी डॉ.कमल कपूर बंजारे, विकासखंड शिक्षा अधिकारी लोकनाथ बाँधे, नगर पंचायत अध्यक्ष धनलाल देशलहरे, सीएमओ रेखलाल सुधाकर, जोन प्रभारी सरिता गुप्ता, संकुल प्राचार्य ,संकुल समन्वयक, प्रधान पाठक, संबंधित राजस्वअधिकारी उपस्थित थे। शिविर में 6 संकुल नगधा, नारायणपुर, नवागांव, मारो, चक्रवाय, घुरसेना के माध्यमिक, उच्च, एवं उच्च माध्यमिक कक्षा के छात्रों के जाति व निवास प्रमाण पत्र के लिए आवेदन फॉर्म जमा किए गए। अभिभावको द्वारा भी जाति-निवास प्रमाण पत्र निर्माण करवाने उत्साह दिखाया गया। जिला शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में जाति निवास शिविर में कुल 212 पूर्ण आवेदन सफलता पूर्वक जमा हुए।

### बठेना से बकरी चोरी 6 युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** बकरा चोरी करने वाले 6 युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। पाटन एसडीओपी आशीष बंछोर ने बताया कि ग्राम बठोना पाटन में बकरी चोरी करने की शिकायत मिली थी।

आरोप : चचानमेटा में हुई घटना में मामले ने पकड़ा तूल, सियासत भी हुई तेज

# अब विधायक पुत्र ने लिखाई लूट व मारपीट की रिपोर्ट, एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

साजा थाना इलाके के ग्राम चेचानमेटा में बीते दिनों विजयादशमी के दौरान विधायक ईश्वर साहू के पुत्र कृष्णा साहू एवं आदिवासी समाज के युवकों के साथ हुई मारपीट का मामला तूल पकड़ता जा रहा है।

विधायक पुत्र कृष्णा साहू व अन्य पर हुए एफआईआर के बाद विवाद में नया मोड़ आ गया है।विधायक पुत्र कृष्णा साहू की अर्जी पर पुलिस ने मनीष मण्डावी व अन्य मौजूद आदिवासी युवकों पर मारपीट एवं लूटपाट की धाराओं में बीएनएस की धारा 309, 296, 115(2), 351(3) एवं 3(5) के के तहत अपराध दर्ज किया है। विधायक पुत्र ने अपनी शिकायत में बताया कि मनीष मंडावी और उसके साथियों जान से मारने की धमकी देकर जेब से 10 हज़ार रुपये लूट लिए। घटना के 48 घण्टा बीत जाने के बाद रिपोर्ट दर्ज कराए जाने से जहां क्षेत्र में चर्चित रहा। वहीं, राजनैतिक माहौल गर्म भी हो गया। पुत्र पर एफआईआर दर्ज होने विधायक ईश्वर साहू ने पुलिस सवाल उठाया। वहीं, आदिवासी समाज ने बैठक कर विधायक पुत्र पर कारवाई की मांग की ओर तय किया आगामी 3 नवंबर को समाज जंगी प्रदर्शन करेगी।

**गांव के आदिवासी युवकों ने घटना के बाद कृष्णा के खिलाफ लिखाई थी रिपोर्ट**



### कांग्रेस-बीजेपी और आदिवासी व साहू समाज आमने-सामने

फिलहाल इस घटना पर साजा विधानसभा में सियासी पारा काफी चढ़ गया है। जहां एक तरफ कांग्रेस बीजेपी पर हमलावर है, तो वहीं भाजपा भी स्थिति के लिए कांग्रेस को दोष दे रही है। वहीं, आरोप-प्रत्यारोप के बीच अब आदिवासी समाज व साहू समाज मामले में शामिल हो गए हैं। जिसमे विधायक पुत्र के खिलाफ थाने में रिपोर्ट न लिखने पर आदिवासी समाज ने उग्र आंदोलन की चेतावनी दी थी, तो अब साहू समाज के लोग विधायक पुत्र के खिलाफ झूठी शिकायत का हवाला देकर उन पर लगी धाराओं को हटाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा है। वहीं, सर्व आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष मोरित राम मंडावी की अगुवाई में हुई इस काउंटर केस को फर्जी बताया गया है।

### क्या है मामला

दरअसल साजा विधायक ईश्वर साहू के गृहग्राम बिरनपुर के पास स्थित ग्राम चेचानमेटा में गत 13 अक्टूबर विजयादशमी पर्व की रात विधायक पुत्र कृष्णा साहू एवं उनके अन्य साथियों का स्थानीय व्यक्ति मनीष मण्डावी एवं अन्य लोगों के बीच वाद-विवाद एवं मारपीट की घटना हुई थी। जिस पर अगले दिन साजा थाना में प्रार्थी मनीष मण्डावी ने जातिसूचक गाली-गलौज एवं मारपीट की शिकायत को लेकर विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। वहीं, अगले दिन साजा थाना में प्रार्थी विधायक पुत्र कृष्णा साहू ने मनीष मण्डावी और उसके साथियों के विरुद्ध धमकी, लूटपाट एवं मारपीट के आरोप को लेकर अलग-अलग धाराओं में एफआईआर दर्ज करा दिया है। वहीं, दोनों ओर से प्रकरण बन जाने से पुलिस मामले की विवेचना में लग गयी है।

### दबाव में एफआईआर : मंडावी

सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष मुरीत राम मंडावी ने कहा कि विधायक पुत्र ने समाज के युवकों से मारपीट की। उसके बाद पुलिस से उठवा कर घंटों विधायक निवास में रखकर समझौता करने दबाव बनाया गया और अब लूटपाट जैसा संगीन अपराध दर्ज कराया गया। हर कोई यह जानना चाहता है एक विधायक पुत्र से लूटपाट मारपीट हो जाए और उन्हें तीन दिन लग गए, रिपोर्ट दर्ज कराने में। यह खुलेआम सत्ता का दुरुपयोग है। उन्होंने कहा कि समाज के एक निर्दोष युवक को पुलिस ने विधायक के दबाव में जेल भेज दिया है। श्री मंडावी ने बताया कि गुरुवार समाज की बैठक हुई जिसमें तय किया गया कि विधायक पुत्र पर कारवाई और समाज के युवक के विरुद्ध दर्ज धाराएं शून्य करने आज शुक्रवार ज्ञापन सौंपा जाएगा। मांगें नहीं पूरी होने पर आगामी 3 नवंबर सर्व आदिवासी समाज सड़क पर उतर कर आंदोलन करेगा।

### राजनीतिक साजिश का हिस्साः विधायक ईश्वर

चेचानमेटा विवाद मामले में पुत्र की संलिप्तता को लेकर साजा विधायक ईश्वर साहू ने इसे गाँव के विवाद को विपक्षी पार्टी की राजनीतिक साजिश बताया है। उन्होंने कहा कि शिकायत पर पहले जांच होनी चाहिए, तब जाकर प्राथमिकी दर्ज होनी चाहिए। बकायदा इस पर विधायक ने प्रेस कांफ्रेंस भी की है। जबकि विपक्ष की ओर से साजा ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री दिनेश साहू ने आरोप को निराधार बताते हुए कहा कि सत्तापक्ष में होते हुए नेताजी हर घटना पर कांग्रेस पर जिम्मेदारी का दोष मढ़ देते हैं, यह बिल्कुल गलत है।

# ढाबा में डायरिया का प्रकोप 41 ग्रामीणों का उपचार जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

जिले के बेरला विकासखण्ड एवं भिम्भौरी तहसील इलाके के ढाबा गाँव में डायरिया फैलने का बड़ा गम्भीर मामला सामने आया है। मिली जानकारी के मुताबिक अभी तक गाँव से डायरिया से संक्रमित 41 मरीज पाए गए हैं। उनमें से 5 को उचित उपचार के लिए बेरला स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया है। वहीं, गाँव में प्रशासन की टीम द्वारा स्वास्थ्य शिविर लगाकर संदिग्ध ग्रामीणों की जांच की जा रही है। वहीं, मरीजों का आंकड़ा बढ़ने की सम्भावना जताई जा रही है। हालांकि कलेक्टर के दिशानिर्देश पर डायरिया प्रभावित गाँव में एसडीएम पिंकी मनहर, बेरला तहसीलदार सुभाष शुक्ला, जनपद पंचायत बेरला के सीईओ-जागेन्द्र साहू एवं बेरला बीएमओ जितेंद्र कुंजाम ने तत्काल दौरा कर एहतियातन हालात का जायजा लिया।

- बेरला सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराए गए 5 गंभीर मरीज

गाँव के सभी इलाकों में स्वास्थ्य व्यवस्था का मुआयना किया एवं पीएचई विभाग द्वारा सभी जलश्रोतों एवं हैंडपंपों में क्लोरीनेट कराया गया। वहीं गाँव में इसके सम्बन्ध में कोटवार के माध्यम से जागरूकता को लेकर मुनादी कराई गई है। प्रभावित गाँव सहित आसपास के इलाके को लेकर अलर्ट पर लेकर मॉनिटरिंग भी की जा रही है। हालांकि अभी तक गाँव में डायरिया बीमारी फैलने के कारण का पता नहीं चल पाया जा रहा है, किन्तु स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा लगातार ग्रामीणों की जांच की जा रही है।

### स्वास्थ्य विभाग ने गांव में डाला डेरा

एसडीएम पिंकी मनहर ने बताया कि बेरला ब्लॉक तहसील भिम्भौरी ग्राम पंचायत ढाबा में डायरिया का संक्रमण से, अभी तक 41 व्यक्ति प्रभावित हुए हैं। जिसमें 5 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेरला में भर्ती कर उपचार किया गया है। ग्राम में मेडिकल कैंप लगाया गया है। मौके पर चिकित्सक, स्वास्थ्य अमला सहित प्रशासन की टीम मौजूद हैं।







# निजी कालेजों में एमडीएस की 50 सीटें खाली, अब 175 अंक वालों को मिलेगा प्रवेश

## मैनेजमेंट कोटे की सीट में एडमिशन के लिए कम किया गया परसेंटाइल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कई कोशिशों के बाद भी निजी डेंटल कालेजों में खाली एमडीएस की मैनेजमेंट की 50 सीटों के लिए परसेंटाइल घटा दी गई है। अब नीट के 960 प्राप्तांकों में यूआर श्रेणी के 272 तथा आरक्षित वर्ग के 175 अंक वालों को भी प्रवेश मिलेगा। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन 19 अक्टूबर तक स्वीकार किए जाएंगे।

एमबीबीएस के साथ बीडीएस का एडमिशन अभी एनआरआई कोटे की वजह से विवादों में पड़ा हुआ है, लेकिन एमडीएस यानी डेंटल की पीजी सीट के लिए बीडीएस कर चुके छात्रों का टोटा पड़ा हुआ है। एडमिशन की अंतिम तारीख बाकी होने की वजह से चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा इसके लिए स्पेशल स्ट्रे वैकेंसी राउंड का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए नीट में सफल बीडीएस के छात्रों से 19 अक्टूबर तक नया ऑनलाइन आवेदन मंगाया गया है। अभी निजी मेडिकल कालेजों में एमडीएस की 50 सीट खाली है, जिसके लिए छात्रों की पूर्ति करने के लिए कट ऑफ मार्क्स में और कमी कर दी है। अब नीट पीजी में यूआर कोटे के तहत 28.308 प्रतिशत यानी 272 अंक और एसटी,एससी, ओबीसी वर्ग के 18.308 फीसदी यानी 175 अंक वालों को पात्र माना गया है।



### बीएससी, न्यूनतम अंक का प्रावधान समाप्त करने की मांग

बीएससी नर्सिंग में बड़ी संख्या में सीट रिक्त होने की वजह से प्रवेश के लिए न्यूनतम अंक का प्रावधान समाप्त करने आईएनसी से पत्र व्यवहार करने चिकित्सा शिक्षा मंत्री से निवेदन किया गया है। प्राइवेट नर्सिंग कालेज एसोसिएशन द्वारा हवाला दिया गया है। सभी चरणों की काउंसिलिंग के बाद भी पांच हजार सीट रिक्त है। हवाला दिया गया है कि प्रवेश परीक्षा में लगभग 29 हजार विद्यार्थी शामिल हुए थे, जिसमें 2630 विद्यार्थी ही प्रवेश ले पाये हैं। राज्य के अनेक विद्यार्थी नर्सिंग में प्रवेश लेकर अपना कैरियर बनाना चाहते हैं, किन्तु नियम की कठिनाई के कारण प्रवेश से वंचित रह गए हैं। उनके हितों को ध्यान में रखते हुए हुए परसेंटाइल को समाप्त करने और प्रवेश की अंतिम तिथि एक माह बढ़ाने इंडियन नर्सिंग काउंसिल से पत्र व्यवहार करने का निवेदन किया है।

---

## स्थानीय बदमाशों की अमन साव के साथ संलिप्तता की पुलिस लिंक तलाश रही

# गैंगस्टर अमन साव की झारखंड की मदद से स्थानीय पुलिस ने तैयार की डोजियर रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

तेलीबांधा शूट आउट के आरोप में प्रोटेक्शन वारंट में गिरफ्तार किए गए गैंगस्टर अमन साहू से पुलिस लगातार पूछताछ कर रही है। गंज थाना क्षेत्र में शूट आउट के पूर्व पकड़े गए आरोपियों के संबंध में पूछताछ करने के बाद पुलिस अमन से तेलीबांधा शूट आउट को लेकर पूछताछ कर रही है। अमन साव किस तरह अपराधिक घटनाओं को अंजाम देता था, स्थानीय पुलिस ने सौ पन्नों से ज्यादा की एक डोजियर रिपोर्ट तैयार की है। इसकी पुष्टि एसएसपी डॉ. संतोष सिंह ने की है।

एएसपी के मुताबिक अमन साव स्थानीय बदमाशों के संपर्क में था या नहीं, इसकी जांच की जा रही है। गंज तथा तेलीबांधा मामले में अब तक 19 बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। दोनों मामलों में अब तक किसी स्थानीय बदमाश के शामिल होने की पुष्टि नहीं हुई है। बावजूद इसके अमन अपने अन्य गुर्गों के माध्यम से राज्य के किसी स्थानीय बदमाश के संपर्क में था या नहीं, इसकी तस्दीक करने पुलिस कह रही है।


गैंगस्टर के निशाने पर झारखंड में सरकारी ठेका लेने वाले कारोबारी
मोबाइल शॉप छोड़कर रंगदारी करते गैंगस्टर बना अमन, हत्या समेत 100 से ज्यादा केस
अमन से पुलिस लगातार पूछताछ कर रही, लेवी नहीं देने पर हत्या की प्लानिंग
60 करोड़ की रंगदारी नहीं देने पर की थी हत्या
हत्या की थी प्लानिंग
मोबाइल शॉप के रास्ते अपराध की दुनिया में पहुंचा

### पेशी के दौरान देता है निर्देश

क्राइम डीएसपी संजय सिंह के मुताबिक अमन साव लगातार मयंक सिंह के संपर्क में रहा है, तेलीबांधा शूट आउट की घटना में अमन के मयंक के संपर्क में होने की पुष्टि हुई है। पुलिस के अनुसार पेशी में ले जाने के दौरान सोशल मीडिया के माध्यम से अमन मयंक से संपर्क स्थापित करता है। इसके बाद किसी अपराधिक घटना को अंजाम देने के लिए कहां से बदमाशों की व्यवस्था करना है, इस संबंध में अमन मयंक को जानकारी देता है। उसी आधार पर मयंक अपने अन्य स्थानीय गुर्गों के माध्यम से बदमाशों को जोड़ आपराधिक घटनाओं को अंजाम देता है।

### शूट आउट की जानकारी नहीं होने का दावा

पांच माह पूर्व मई में गंज थाना क्षेत्र में अपराधिक घटना को अंजाम देने के पूर्व पकड़े गए चार शूटर्स के बारे में अमन ने पुलिस को बताया कि उसके द्वारा ही शूटर्स भेजे गए थे। तेलीबांधा शूट आउट मामले में अमन का कहना है कि उसे इस संबंध में जानकारी नहीं है। तेलीबांधा शूट आउट उसके बगैर किसी जानकारी के हुई है। पुलिस को अमन के कबूलनामे पर यकीन नहीं है। पुलिस इस संबंध में पड़ताल करने के बाद कुछ बता पाने की बात कह रही है।

### पकड़े जाने के पूर्व सोशल मीडिया में फोटो शेयर

पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक अमन का फेसबुक अकाउंट मलेशिया में बैठा कोई सुनील राणा ऑपरेट कर रहा है। पुलिस को इस बात की जानकारी आईपी एड्रेस की जांच करने के बाद मिली। इसी तरह से अमन के पकड़े जाने के एक दिन पूर्व कनाडा में बैठे मयंक सिंह ने अपने फेसबुक अकाउंट से अमन साव का फोटो शेयर किया था।

### अमन से 60 बिंदुओं पर पुलिस कर रही पूछताछ

अमन साव से पुलिस लगातार पूछताछ कर रही है, अमन साव से अब तक एसएसपी के साथ एएसपी क्राइम, एएसपी सिटी, डीएसपी क्राइम सहित सात पुलिस अफसर पूछताछ कर चुके हैं। पूछताछ में अमन ने लॉरेंस विश्नोई से डायरेक्ट संपर्क होने की बात से इनकार किया है। पूछताछ में स्थानीय अपराधिक घटनाक्रम के बजाय अमन अपने झारखंड के अपराधिक घटनाक्रम के बारे में बात कर पुलिस को गुमराह करने की कोशिश कर रहा है।

---

# लाखेनगर चौक का होगा सौंदर्यीकरण, नजर आएगी पहाड़ी मैना की सुंदर प्रतिकृति



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ चौक को आकर्षक स्वरूप देने की तैयारी

शहर के लाखे नगर चौक में अब पहाड़ी मैना की सुंदर प्रतिकृति लोगों को लुभाएगी। सड़क चौड़ीकरण के बाद नगर निगम इस चौक को संवारने में जुटा हुआ है। सीएसआर मद से चौक सौंदर्यीकरण का कार्य कराया जा रहा है, ताकि इसकी सुंदरता बनी रहे।

राजधानी के मुख्य मार्गों के चौराहों को सुंदर बनाने सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। विभिन्न उद्योग समूहों और व्यावसायिक संस्थाओं के सहयोग से यह कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में जोन 5 क्षेत्र स्थित लाखे नगर चौक को संवारने पहाड़ी मैना की सुंदर प्रतिकृति लगाई जाएगी। सन एंड सन ज्वेलर्स के सहयोग से सीएसआर मद में यह कार्य पूरा होगा। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने लाखेनगर चौक का निरीक्षण कर चौराहे के सौंदर्यीकरण की ड्राइंग डिजाइन का अवलोकन सहायक कलेक्टर अनुपमा आनंद, जोन कमिश्नर विमल शर्मा की उपस्थिति में किया। श्री मिश्रा ने चौक के सौंदर्यीकरण कार्य की नियमित रूप से मानिटरिंग करने निर्देश दिए।

विदित हो, शहर में जीई रोड, विधानसभा रोड, वीआईपी रोड, एक्सप्रेस वे मार्गो पर विभिन्न उद्योग समूहों, व्यावसायिक संस्थानों के सहयोग से सौंदर्यीकरण का कार्य करवाया जा रहा है। इससे आने वाले दिनों में राजधानी के प्रमुख मार्गों का बदला हुआ स्वरूप देखने को मिलेगा।

---

## खबर संक्षेप




### दिव्य उत्सव में 200 से अधिक छात्रों ने लिया भाग

**रायपुर।** दिव्य उत्सव 2.0 का आयोजन बड़ी सफलता के साथ संपन्न हुआ, जिसमें 8 स्कूलों के 200 से अधिक छात्रों और दो स्वयं सहायता समूहों, पटोरा और उपवार ने भाग लिया। यह कार्यक्रम बच्चों को सशक्त बनाने और उनकी रचनात्मकता को निखारने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। उत्सव की शुरुआत उत्साहपूर्ण वातावरण में फ्लैग बलून्स के वितरण के साथ हुई, जो कार्यक्रम की उत्सवी भावना का प्रतीक बने। वायआई रायपुर के को-चेयर गौरव अग्रवाल ने उद्घाटन भाषण में बच्चों की भागीदारी और सामुदायिक विकास की आवश्यकता पर जोर दिया। अंत में पंकज सोमानी ने छात्रों को उनके लक्ष्यों की ओर अग्रसर रहने के लिए प्रेरित किया, साथ ही उन्हें हार न मानने की सलाह दी।

### आचार्य विद्यासागर के जन्मोत्सव पर आचार्य छत्तीसी विधान



**रायपुर।** आचार्य 108 विद्यासागर महाराज के निर्वाण के पश्चात प्रथम जन्मोत्सव (शरद पूर्णिमा) के उपलक्ष्य में बुधवार को प्रात : आचार्य छत्तीसी विधान किया गया। खंडेलवाल दिगम्बर जैन मंदिर सन्मति नगर, फाफाडीह के अध्यक्ष अरविंद बड़जात्या एवं सचिव सुरेश पाटनी ने बताया कि, इस मौके पर 36 गुनधारी आचार्य भगवंत का विशिष्ट संबंध और उनके उपकारों का स्मरण किया गया। पूरे छत्तीसगढ़ के जैन मंदिरों में एक ही समय पर आचार्य छत्तीसी विधान का आयोजन कर समाज की अखंडता एवं आचार्यश्री के प्रति सच्ची श्रधांजलि व्यक्त की गई। यह जानकारी पंचायत के प्रचार सचिव अतुल गोधा ने देते हुए बताया कि इसी तारम्य में श्री दिगम्बर जैन खंडेलवाल मंदिर का नाम भी गोल्डन बुक ऑफ रिकाड्र्स में दर्ज होने की संभावना है। विदित हो कि वर्ष 2024-25 को आचार्य शांतिसागर महाराज के आचार्य पदारोहण के शताब्दी वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है।

### डीएमएफ घोटाले पर ईडी की कार्रवाई का स्वागत

**रायपुर।** जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने ज़िला खनिज निधि में हुए घोटाले में ईडी द्वारा की गयी गिरफ्तारी पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, राज्य के कोरबा, दंतेवाड़ा, जांजगीर चांपा, बलौदा बाजार और रायगढ़ में जिला खनिज निधि में लगभग 50 हजार करोड़ की बंदरबांट और घोटाले की सबसे पहले जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) ने 8 जून 2021 को प्रधान मंत्री और 1 जून को ईडी को लिखित में दस्तावेजी प्रमाण के साथ शिकायत की थी। मुझे खुशी है आज इस मामले में ईडी ने पहली गिरफ्तारी की है।

### 22 अक्टूबर को राज्य स्तरीय कार्यशाला

**रायपुर।** कानूनी मार्गदर्शन केंद्र छत्तीसगढ़ द्वारा 22 अक्टूबर को होटल ग्रांड अर्जुन में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा। इस दौरान ' महिलाओं के खिलाफ लैंगिक हिंसा और पीड़ित क्षतिपूर्ति से संबंधित कानून' पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।

### मुख्यमंत्री से धान खरीदी 25 से करने का किया अनुरोध

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष धनेंद्र साहू ने किसान हित में दीपावली पर्व को देखते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार से 25 अक्टूबर से धान खरीदी का निर्णय लेने का अनुरोध किया है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ में हरूणा अन्य अल्प अवधि में पकने वाले धान पक कर तैयार है जिसकी कटाई होने वाली है। इस समय बरसात अच्छी होने से धान पिछले वर्ष से ज्यादा होगा। किसानों के चेहरे पर खुशी की लहर है लेकिन 15 नवंबर से धान खरीदी की खबर सुनकर दुखी है क्योंकि दीपावली पर्व नजदीक है।

---

# सेल कर्मियों को भारी पड़ रही वेतन समझौता में लेटलतीफी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र सहित सेल कर्मचारियों के लंबित अपूर्ण वेतन समझौता के अब तक मुकम्मल नहीं किए जाने से कर्मचारियों को भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है। इससे उनमें असंतोष बढ़ रहा है। यूनियनों के मुताबिक सेल में धरने के बाद अब हड़ताल के ऐलान के बाद भी सेल प्रबंधन उदासीन बना हुआ है।

सेल वेतन समझौता में उच्च प्रबंधन की लेटलतीफी के चलते हजारों कर्मचारियों को हजारों रुपए का घाटा हो रहा है। यूनयनों के मुताबिक कर्मचारियों को मात्र दो प्रतिशत कम एमजीबी देने और 8. 5 फीसदी पर्क्स देने से सेल प्रबंधन को प्रति कर्मचारी 5 हजार से 20 हजार रुपए फायदा हो रहा है। वहीं 39 महीने के लंबित एरियर्स,बंद सुविधाएं, छुट्टियों में अंतर, पीएफ और ग्रेज्युटी सीलिंग आदि को जोड़ लें तो 1/3 वेतन का घोटाला प्रति माह हो रहा है। बीडब्ल्यूयू के मुताबिक लंबित वेतन समझौता को अब तक पूर्ण नहीं किए जाने से सेल के हर कर्मचारी को 5 से 20 हजार रुपए का नुकसान हो रहा है। गौरतलब हो कि दो साल पूर्व हुई एनजेसीएस बैठक में हुआ वेतन समझौता अपूर्ण व विवादित था। एनजेसीएस व लोकल यूनियनें तब से लगातार समझौता की विसंगतियो को दूर कर लंबित 30 माह के एरियर्स, एचआरए आदि आदि भुगतान की मांग कर रही हैं। लेकिन प्रबंधन उदासीन बना हुआ है।

### धरने के बाद हड़ताल की तैयारी

वेतन समझौता को लेकर उच्च प्रबंधन की लेटलतीफी देख केंद्रीय व लोकल यूनियनों द्वारा सेलव्यापी चरणबद्ध आंदोलन किया जा रहा है। इसके तहत अधूरे वेतन समझौता को पूर्ण कर 39 महीने के एरियर्स भुगतान, एचआरए देने, बोनस फार्मूला बदलने, ठेका मजदूरों को एस 1 ग्रेड का वेतन देने और बीस हजार बोनस आदि मांगों को लेकर बोनस बैठक बेनतीजा खत्म होने के बाद एनजेसीएस यूनियनों द्वारा चरणद्ध आंदोलन का निर्णय लिया गया था। इसके तहत बीएसपी सहित सेल की सभी यूनिटों में 5 अक्टूबर को प्रदर्शन व 14 अक्टूबर को धरना दिया गया था। भिलाई में संयुक्त यूनियन ने धरना दिया था। अगले चरण में मांगें पूरी नही होने पर 28 अक्टूबर को पूरे सेल में हड़ताल का ऐलान किया गया है।

---

## छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ चुनाव के लिए नामांकन शुरू

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ चुनावी प्रक्रिया शुरू हो गई है। नामांकन प्रक्रिया 14 से 19 अक्टूबर तक चलेगी। अभ्यर्थियों की सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 21 अक्टूबर को होगा। प्राँतीय प्रमुख निर्वाचन अधिकारी सुधीर गौतम, सहायक निर्वाचन अधिकारी वाय.के.दिल्लीवार, सहायक निर्वाचन अधिकारी डॉ.रविन्द्र सिंह चौहान को बनाया गया है। दावा-आपत्ति - 22 अक्टूबर तक और नाम वापसी 23 से 24 अक्टूबर तक होगी। अभ्यर्थियों की सूची का अंतिम प्रकाशन 25 अक्टूबर और मतदान 10 नवंबर को होगा। मतदान के लिए दो बूथ बनाए गए हैं। मतदान क्रमांक 1 से 5 स्थान प्रांतीय कार्यालय पेंशन बाड़ा रायपुर और क्रमांक 6 स्थान चंडी मंदिर परिसर घुंचापाली (बागबाहरा) जिला महासमुन्द है। जो भी सदस्य नामांकन दाखिल करेंगे और प्रांतीय महासभा के सदस्य नहीं है उन्हें वे अपनी सदस्यता संबंधी प्रमाण पत्र अपने जिले के जिलाध्यक्ष/सचिव से प्रमाण पत्र के साथ आधार कार्ड की छाया प्रति संलग्न करना होगा। जो प्राँतीय परिषद के सदस्य है उन्हें केवल आधार कार्ड की छाया प्रति संलग्न करना है। 9 नवम्बर शाम को प्राँतीय महासभा की बैठक होगी उसमे प्राँत द्वारा निर्धारित प्रारूप मे परिचय पत्र लेकर आना होगा तभी भीतर प्रवेश करने दिया जाएगा। वही परिचय पत्र मतदान के समय भी प्रस्तुत करने की अनिवार्यता होगी।

---

# चाकू से हमला करने वाले दो युवक समेत अपचारी बालक गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

गरबा नृत्य बंद होने की बात को लेकर दो पक्षों में हुए खूनी संघर्ष मामले में पुलिस ने नाबालिग समेत तीन को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा धारा 109.3 (5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी हरिश पाटिल ने बताया कि न्यू खुर्सीपार निवासी सुनील धृतलहरे अपने मोहल्ले की समिति मां वैष्णो मित्र मंडल के सदस्यो के साथ पंडित नेहरू स्कुल में गरबा कार्यक्रम देख रहा था। तभी रात 10:30 बजे गरबा कार्यक्रम बंद करवा रहे थे इस दौरान जुगनू उर्फ हरिशंकर, लोकेश्वर सोनवानी, कृष्णा शर्मा ऊर्फ बैगा पहुचे। गरबा कार्यक्रम को क्यो बंद करने की बात को लेकर विवाद करने लगे। बाक्स नही बजाने की बात को लेकर जुगनू आक्रोशित होकर जान से मारने की धमकी देकर पीड़ित को अपने जेब में रखे धारदार चाकू से हमला कर फरार हो गया। घटना में पीड़ित को दाहिने सीने के नीचे चोट आई है। बीच बचाव करने राहुल केसरवानी और आकाश चौहान पहुचे थे । तब आरोपी जुगनू के साथी लोकेश्वर सोनवानी ने अपनी जेब से धारदार चाकू निकालकर आकाश चौहान के नाभी के नीचे गुप्तांग के पास जोरदार प्रहार कर दिया। जुगनू का दुसरा साथी कृष्णा शर्मा ऊर्फ बैगा ने राहुल केसरवानी को दाहिने कमर पर चाकू से हमला कर फरार हो गए। खबर लगने पर खुर्सीपार टीआई अंबर सिंह भरतद्वाज की टीम के साथ घटनास्थल पहुचे गंभीर रुप से घायल को उपचार के लिए शासकीय अस्पताल सुपेला ले जाया गया। जहां से शंकराचार्य अस्पताल जुनवानी रेफर किया गया।

---

## सीईओ कंगाले ने कहा- लोकसभा चुनाव के बराबर होंगे 253 मतदान केंद्र

# उपचुनाव : सुरक्षा बलों की पांच कंपनियों की तैनाती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि 13 नवंबर को रायपुर दक्षिण विधानसभा में उपचुनाव होना है। चुनाव को लेकर सुरक्षा के कड़े और पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। इस दौरान सुरक्षा बलों की 5 कंपनियां तैनात की जाएंगी। मतदाता पहचान पत्र के आधार पर ही मतदान होगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले ने बताया कि इसके साथ ही 12 अन्य पहचान पत्र भी मान्य किए गए हैं। चुनाव की घोषणा होते ही रायपुर दक्षिण विधानसभा में आदर्श आचार संहिता भी लागू हो गई है। रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट अनारक्षित सीट है। रायपुर दक्षिण विधानसभा में 253 मतदान केंद्र होंगे। कुल मतदाताओं की संख्या 2 लाख 70 हजार 936 है, जिसमें पुरुष मतदाता की संख्या 1 लाख 33 हजार 713 और महिला मतदाता की संख्या 1 लाख 37 हजार 171 है। इस सीट पर महिला मतदाता की संख्या पुरुष मतदाता से अधिक है। थर्ड जेंडर के कुल मतदाताओं की संख्या 52 है। रायपुर दक्षिण विधानसभा में सेवा मतदाताओं की संख्या 59 है। दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 1188 है।

**5014 करेंगे पहली बार मतदान:** 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के मतदाताओं की संख्या 5014 है, जो पहली बार मतदान करेंगे। 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं की संख्या 1711 है। 100 साल की आयु पूरे करने वाले मतदाताओं की संख्या 56 है। 85 आयु वर्ग के मतदाता अगर घर पर मतदान करना चाहते हैं, यानी कि डाक मत पत्र से तो 18 अक्टूबर से 5 दिनों के अंदर आवेदन कर सकते हैं या फिर मतदान केंद्र में मतदान कर सकते हैं।

### ऐसा होगा चुनाव कार्यक्रम

रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट पर उप चुनाव 13 नवंबर को होना है, जिसके लिए निर्वाचन आयोग ने अपनी तैयारी भी पूरी कर ली है। रायपुर दक्षिण विधानसभा में आचार संहिता भी लागू हो गई है, इस दौरान सुरक्षा बलों की 5 कंपनियां भी तैनात की जाएंगी। अधिसूचना का प्रकाशन 18 अक्टूबर को होगा। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर होगी। नामांकन पत्रों की समीक्षा 28 अक्टूबर होगी। नाम वापसी 30 अक्टूबर को रहेगी। मतदान 13 नवंबर को और मतगणना 23 नवंबर को होगी।

---

# धान खरीदी की तिथि कम करना सरकार की बदनीयती : बैज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, 14 नवंबर से धान खरीदी के निर्णय से सरकार की नीयत में खोट साफ नजर आ रहा है। सरकार ने 14 नवंबर से 31 जनवरी तक धान खरीदी का निर्णय लिया है। सरकार धान खरीदी 14 दिन कम करेगी। यदि शुरुआत देर से की जा रही है, तो खरीदी की अंतिम तिथि को 15 दिन आगे बढ़ाना चाहिये, ताकि सभी किसानों का धान समर्थन मूल्य पर बिक सके। खरीदी अवधि कम करना भाजपा सरकार बदनीयती का प्रमाण है। उन्होंने मांग की है कि सरकार किसानों का बकाया राजीव गांधी किसान न्याय योजना की चौथी किस्त का भुगतान दीपावली से पहले करे, ताकि किसान दीपावली मना सकें। उन्होंने कहा, सरकार की घोषणा के अनुसार 14 नवंबर से 31 जनवरी तक कुल 75 दिन के अंदर धान खरीदी का लक्ष्य है, इसमें से 35 दिनों लगभग एक महीना से अधिक छुट्टी है, अर्थात मात्र 40 दिन ही सरकार धान खरीदी करेगी। 40 दिनों में 30 लाख से अधिक किसानों के धान की खरीदी संभव नहीं। पंजीकृत किसानों की संख्या बढ़ी है, रकबा बढ़ा है। पैदावार भी ज्यादा हुई है। प्रति एकड़ खरीदी की लिमिट भी बढ़ी है, फिर खरीदी की अवधि कम करने का आधार क्या है? उन्होंने कहा, भाजपा सरकार इस वर्ष धान की खरीदी 3217 रुपए में करे, क्योंकि 3100 रुपए भाजपा ने अपने चुनावी वायदे में कहा था। केंद्र सरकार ने धान का समर्थन मूल्य 117 रुपए बढ़ा दिया है, इस कारण इस वर्ष धान की खरीदी 3100 रुपए से बढ़ाकर 3217 रुपए किया जाये।

## खबर संक्षेप




### किसान कार्यकर्ताओं ने निकाली शोभायात्रा

**रायपुर।** भारतीय किसान संघ का 9 वां प्रदेश कार्यकारिणी का निर्वाचन रायपुर में संपन्न हुआ। नई कार्यकारिणी में माधो सिंग ठाकुर का सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर निर्वाचन हुआ एवं महामंत्री नवीन शेष को बनाया गया। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि भारतीय किसान संघ, छत्तीसगढ़ प्रदेश का तीन वर्षों में चुनाव होता है। निर्वाचन प्रक्रिया के पूर्व किसान संघ ने प्रदेश के ग्रामों में सदस्यता करने के बाद ग्राम समिति बनाई, ग्राम समितियों पर तहसील समिति एवं तहसील समिति के आधार पर जिला समितियों का चुनाव होता है। प्रदेश के निर्वाचन की प्रक्रिया पूर्ण की जाती है। चुनाव के बाद सभी किसान कार्यकर्ताओं द्वारा सरस्वती शिक्षण संस्थान से शोभायात्रा निकाली। शेष प्रदेश कार्यकारिणी में सुरेश चंद्रवंशी, तुलाराम, गजानन दिग्रसकर, दुर्गा पाल, देवप्रसाद तिवारी, मेनका साहू, ज्योति साहू, कुणाल सिंग, मनेश्वर प्रधान, गोपाल नाग, मुकेश चौधरी, किशोर सिंग बघेल, संजय साहू, गिरधारी सागर, संजय परिहार, नंदकुमार चंद्रवंशी, राजलाल राजवाड़े, भुवन चंद्रा का चयन किया गया।

### बीएसपी के परिधीय क्षेत्रों में बढ़ रहा स्वास्थ्य सेवा का दायरा

**भिलाई।** सेल भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा परिधीय क्षेत्रों में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों के आयोजन से लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। वर्ष 2019 से 2024 तक नियमित शिविर किए जा रहे हैं। अब तक 314 निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किये जा चुके हैं और 73975 आमजन लाभान्वित हुए हैं। स्वास्थ्य शिविरों से इस दौरान भिलाई इस्पात कल्याण चिकित्सालय सेक्टर 6, आरोग्य निकेतन, स्मृति नगर समेत सियान सदन में कुल 56355 लोगों ने लाभ प्राप्त किया है। संयंत्र और खदानों के परिधीय ग्रामों में प्रत्येक माह नियमित रूप से निःशुल्क चिकित्सकीय शिविरों का आयोजन कर, लोगों की जांच करके दवाईयों का वितरण किया जाता है। संयंत्र के सीएसआर विभाग द्वारा संचालित, भिलाई में सप्ताह में तीन दिन निःशुल्क चिकित्सकीय परामर्श देकर दवाई का वितरण किया जाता है।

### एफएसएनएल में राजभाषा पर संगोष्ठी

**भिलाई।** फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड के निगमन कार्यालय भिलाई में राजभाषा सप्ताह के समापन पर राजभाषा तकनीकी संगोष्ठी हुई । मुख्य अतिथि स्वामी स्वरुपानंद महाविद्यालय की विभागाध्यक्ष शर्मिला सामल और अध्यक्षता उप महाप्रबंधक प्रभाकर सिंह ठाकुर ने की। कलाकार सान्या कंबोज भी अतिथि थीं। श्री ठाकुर ने कहा हिंदी बेहद आसान विषय है। हिंदी का प्रयोग सिर्फ कार्यालय संबंधी कार्यों में नहीं बल्कि तकनीकी क्षेत्र में भी आसानी से किया जा सकता है। श्री अनंत ने कहा कि वैज्ञानिक ज्ञान और कौशल का उपयोग करके वस्तुओं और प्रणालियों को बनाने और उपयोग करने की प्रकिया को कहते हैं।

## जल शक्ति अभियान के तहत केंद्रीय नोडल अधिकारी ने अमृत सरोवर का किया निरीक्षण

# जल संरक्षण और प्रबंधन के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी : पंकज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



"जल शक्ति अभियानः कैच द रेन-2024" के तहत, केंद्रीय नोडल अधिकारी पंकज कुमार (आईआरएस) ने अपने तीन दिवसीय दौरे के अंतिम दिन बेमेतरा जिले के विभिन्न ग्रामों में जल संरक्षण और भू-जल संवर्धन के कार्यों का निरीक्षण किया। उनके साथ केंद्रीय भू-जल बोर्ड, रायपुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. रजनी कांत शर्मा और जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता चन्द्र शेखर शिवहरे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान श्री कुमार ने जिले के समीप ग्राम डूंडा, ग्राम पंचायत झाल और ग्राम पंचायत लावातरा में स्थापित अमृत सरोवरों का जायज़ा लिया। उन्होंने सरोवरों में जल संचयन के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रयास जल संसाधनों को संरक्षित करने और भू-जल स्तर को पुनर्स्थापित करने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं। श्री कुमार ने ग्रामीण समुदायों के प्रयासों की विशेष रूप से प्रशंसा की, जो जल संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण की दिशा में सामूहिक प्रयास ही इस अभियान की सफलता की कुंजी है। ग्राम डूंडा में सरपंच पार्वती वर्मा से मुलाकात के दौरान श्री कुमार ने साफ़-सफ़ाई और जल संचयन के प्रबंधन के लिए ग्रामीणों की सराहना की। उन्होंने जल संरक्षण के लिए अग्रणी भूमिका निभाने वाली महिलाओं की भी प्रशंसा की।

### जल जीवन मिशन और भू-जल संवर्धन पर चर्चा

पंकज कुमार ने दौरे के दौरान जल जीवन मिशन के अंतर्गत "हर घर जल" योजना की प्रगति पर भी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने ज़िला अधिकारियों से इस योजना के कार्यान्वयन की प्रगति के बारे में विस्तृत चर्चा की और सुनिश्चित किया कि इस दिशा में अधिक से अधिक जनसहभागिता को बढ़ावा दिया जाए। निरीक्षण के दौरान, केंद्रीय नोडल अधिकारी ने भू-जल संवर्धन के उपायों का मूल्यांकन किया। इसमें वर्षा जल संचयन, तालाबों और सरोवरों के निर्माण, तथा जलाशयों के पुनर्निर्माण की प्रगति पर जोर दिया गया। उन्होंने विशेष रूप से यह देखा कि इन उपायों से जिले में भू-जल स्तर को बनाए रखने में कितनी सफलता प्राप्त हुई है। उन्होंने इस बात पर भी बल दिया कि इस प्रकार के कार्यक्रमों में समुदाय की भागीदारी अत्यधिक महत्वपूर्ण है और इसे और अधिक प्रभावी बनाने के लिए सरकारी योजनाओं के साथ-साथ सामाजिक संगठनों की भूमिका को भी सशक्त किया जाना चाहिए।

### भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श

निरीक्षण के बाद पंकज कुमार ने बताया कि सरकार का उद्देश्य इस प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से देश भर में जल संरक्षण को बढ़ावा देना है। "जल शक्ति अभियानः कैच द रेन-2024" का उद्देश्य हर बूंद का सही उपयोग सुनिश्चित करना है, ताकि आने वाले समय में जल संकट से निपटने के लिए देश को तैयार किया जा सके। उन्होंने ज़िला अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे इन योजनाओं के क्रियान्वयन में और तेज़ी लाएं और यह सुनिश्चित करें कि सभी गांवों में जल संचयन और भू-जल संवर्धन की परियोजनाएं समयबद्ध तरीके से पूरी हों।



## विधायक दीपेश ने बच्चों को परोसा भोजन

**बेमेतरा।** नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला कोबिया में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा के जन्मदिन पर अध्यक्ष भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा शहर बेमेतरा कमलेश वर्मा एव शहर मंत्री भाजयुमो बेमेतरा गोलू कोशले के सहयोग से न्यौता भोज का आयोजन किया गया। विधायक दीपेश साहू ने कार्यक्रम में शामिल होकर बच्चों को भोजन परोसा और उनके साथ बैठकर भोजन भी किया। विधायक दीपेश साहू ने जब अपने हाथों से बच्चों को भोजन परोसा तो बच्चों के चेहरे पर खुशियां छा गई।

प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत छत्तीसगढ़ में शासन की अपील पर प्रदेश में न्योता भोज का आयोजन किया जा रहा है। सामुदायिक सहयोग से स्कूली बच्चों के खानपान में पोषण आहार की मात्रा बढ़ाने"न्योता भोज"की अभिनव पहल की जा रही है। बेमेतरा विधायक दिपेश साहू ने कहा कि अपने जीवन के महत्वपूर्ण दिन जैसे जन्मदिन, शादी की सालगिरह सहित अन्य उत्साह के अवसरों पर हम सब मिलकर स्कूल के बच्चों के साथ इसको एक साथ मनाएं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार का पौष्टिक भोजन करा सकते हैं या उनके भोजन में पौष्टिक भोज्य पदार्थ शामिल कर सकते हैं। यह एक ऐसा अवसर है, जहाँ बच्चों के साथ अपनी खुशियाँ मनाई जा सकती है।

एक अवसर पर विकास दीवान जिला उपाध्यक्ष भाजपा, विकास तंबोली, साधेलाल बघेल, टेक सिंह वर्मा (अध्यक्ष, शाला समिति), बलराम वर्मा, संतोष वर्मा, दिनेश सिन्हा, राजेश शर्मा, अजीत कुरैशी, धर्मेंद्र वर्मा, चाकेंद्र वर्मा, आदित्य कोसले, दुखित पाल,मदन वर्मा, अरुण कुमार खरे (बीईओ), राजेंद्र साहू (बीआरसी), भूपेंद्र साहू,धनंजय शर्मा, अवन कुमार जांगड़े, फिलोमिना खलखो, सुषमा ठाकुर, संजय कुमार शर्मा, राजकुमार सिंह, जगत राम कोसले, सुनीता साहू तथा एमसी एसएमडीसी सदस्य समस्त शिक्षक स्टाफ सम्मिलित थे।

## मनुष्य के मन से मृत्यु के भय का नाश करती है श्रीमद् भागवत कथा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानखम्हरिया

- नारायण महाराज ने बताई भागवत कथा की महिमा



क्षत्रिय परिवार द्वारा अपने पितरों की स्मृति में आयोजित श्रीमद भागवतमहापुराण कथा का आज विश्राम दिवस है। पूज्य श्री नारायण महाराज जी के द्वारा गायन जमात मंदिर प्रांगण थान खम्हारिया में किया जा रहा है। गुरूवार की कथा में कथावाचक ने भागवत की महिमा का बखान किया। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत पुराण हिन्दुओं के अठारह पुराणों में से एक है। इसे श्रीमद्भागवतम् या केवल भागवतम् भी कहते हैं। भगवान शुकदेव द्वारा महाराज परीक्षित को सुनाया गया भक्तिमार्ग तो मानो सोपान ही है। इसके प्रत्येक श्लोक में श्रीकृष्ण-प्रेम की सुगन्धि है। इसमें साधन-ज्ञान, सिद्धज्ञान, साधन-भक्ति, सिद्धा-भक्ति, मर्यादा-मार्ग, अनुग्रह-मार्ग, द्वैत, अद्वैत समन्वय के साथ प्रेरणादायी विविध उपाख्यानों का अद्भुत संग्रह है। मुख्य यजमान ज्योति सिंह क्षत्रिय हरिशरण क्षत्रिय हैं। इस अवसर पर महंत वैष्णव दास जी (साजा), महंत बसंतदास जी ओम प्रकाश जोशी, पुरुषोत्तम सिंघानिया, अनिल सिंघानिया, हरि अग्रवाल चेतन सिन्हा, जलेश्वर राजपूत, मुकेश सिंघानिया, अन्नु केडिया, नंदिनी साहू, बलराम साहू, अशोक सिं राजपूत, यशवंत सिंह क्षत्रिय, प्रेम परमार, विनय परमार, लोकेश अग्रवाल शिव बिंदल, श्रवण साहू सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन पुनेश्वर साहू ने किया।

## डाइट बेमेतरा में नवप्रवेशी छात्र अध्यापकों का किया गया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा




जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट में द्वितीय वर्ष के छात्र अध्यापकों द्वारा प्रथम वर्ष में प्रवेशित नव छात्र अध्यापकों के लिए वेलकम पार्टी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डाइट बेमेतरा के प्राचार्य जे के घृतलहरे थे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डाइट बेमेतरा के प्राचार्य ने कहा कि यह एक प्रशिक्षण संस्थान है, यहां प्रेरणा लेकर स्वयं सीखना पड़ता है। यह एक ऐसा संस्थान है जहाँ शिक्षक बनने के साथ साथ एक आदर्श इंसान भी बनना सिखाया जाता है। यहाँ शिक्षा, संस्कार, व्यवहार और उच्च आदर्शों की शिक्षा भी दी जाती है। यहीं से ही आपके कैरियर का निर्धारण भी होता है। पिछले महीने विज्ञान प्रशिक्षण में एक नवाचारी शिक्षिका प्रतीक जैन आई थी। नवाचारी शिक्षिका प्रतीक जैन साजा विकासखण्ड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रानो में विज्ञान शिक्षिका के रूप में पदस्थ हैं। उन्होंने हमारे संस्थान के वरिष्ठ व्याख्याता थलज कुमार साहू की प्रेरणा से हमारे संस्थान के लिए कुछ करने की इच्छा जाहिर की। और उन्होंने आज घोषणा की डीएलएड प्रथम वर्ष और द्वितीय वर्ष के जो छात्र अध्यापक जो अपनी-अपनी कक्षाओं में प्रथम स्थान पर आएंगे या उच्चतम अंक लाएंगे, उन्हें शिक्षिका प्रतीक जैन 5001 रुपए की पुरस्कार राशि प्रदान कर सम्मानित करेंगी। अतः आप सब मन लगाकर पढ़ाई कीजिए और अपने उद्देश्यों को प्राप्त कीजिए। डाइट के वरिष्ठ व्याख्याता डॉ बसुबंधु दीवान ने नव प्रवेशी छात्र अध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सब बहुत ही सौभाग्यशाली हो, जो हमारे डाइट बेमेतरा में प्रवेश पाने में सफल हुए हैं। हम सब आपके लक्ष्य को साधने के लिए, आपके लक्ष्य को पूर्णता प्रदान करने के लिए प्रतिदिन प्रयत्न करेंगे।

### पेन भेंटकर और बैच लगाकर किया गया स्वागत

सभी नवप्रवेशित छात्र अध्यापकों को पेन भेंटकर और बैच लगाकर उनका स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन द्वितीय वर्ष की छात्र अध्यापक डाकवर और नीलम सेन ने किया। जबकि सहयोगी के रूप में निशा वर्मा, मनीता, यामिनी, नितेश, निपेन्द्र, उत्पल, संजय, दिव्या, एकता, लालिनी, प्रतिमा आदि रहे। इस अवसर पर संस्थान के वरिष्ठ व्याख्याता उषा किरण पाण्डेय, पीएसटीई प्रभारी अनिल सोनी, जी एल खुटियारे, थलज कुमार साहू, सेवानिवृत्ति व्याख्याता तुकाराम साहू, यमुना जांगड़े, कीर्ति घृतलहरे, श्रद्धा तिवारी, नागेंद्र शर्मा, अमिंदर भारती, कमलेश शर्मा, सत्येंद्र मिश्रा, पूनम पांडेय, सरस्वती साहू सहित प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के सभी छात्र अध्यापक उपस्थित थे।

## स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय में हुई युवा संसद कार्यशाला




**बेमेतरा।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय में भारतवर्ष युवा सम्मलेन 2024 (युवा संसद एवं प्रतिरुप संयुक्त राष्ट्र) की टीम द्वारा युवा संसद कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस शैक्षणिक आयोजन द्वारा छात्राओं को संसदीय प्रक्रिया की विभिन्न विधाओं जैसे वाद-विवाद, सामूहिक चर्चा, रिसर्च, पब्लिक स्पीकिंग आदि कलाओं के साथ-साथ सम्पूर्ण व्यक्तित्व विकास के पहलुओं से अवगत कराया गया। इस कार्यशाला में छत्तीसगढ़ विधानसभा का आयोजन किया गया, जिसमें बहुत सारे संस्थानों के युवाओं ने मिलकर पर्यावरण, सतत विकास, नशा, अपराध आदि जैसी समाजिक समस्याओं पर चर्चा किया। कार्यशाला में अतिथि के रूप में सुनील झा एवं एसएन अली उपस्थित थे। कार्यक्रम आयोजन समिति में आयुष वर्मा, अनुराग वर्मा, प्रज्ज्वल वर्मा, अमन सोनी, राजेश यादव, ऋषभ वर्मा,हिमांशु वर्मा,विजेश जोशी, अन्नपूर्णा साहू, हिमांशु वर्मा, दानेश्वर यादव, यशवंत साहू, कबीर वर्मा आदि थे। विद्यालय की छात्राओं रेशमी वर्मा, दीपिका सेन, नेहा वर्मा, डॉली रजक, सोनम निषाद, पायल वर्मा आदि ने भी पक्ष व विपक्ष में सराहनीय भूमिका निभाई। कार्यशाला में डी.आर. साहू, योगेन्द्र वर्मा, सपना तिवारी, कौशल वर्मा एवंबड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहे।

## भूमि पर कब्जा खाली कराने 17 से तूता में धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अमलीडीह में 40 फीट चौड़ी नहर और नाले की जमीन पर कब्जा करवा दिया गया है। इसे हटवाने के लिए न्यायलय का दरवाजा खटखटाने और वहां से मिले निर्देश का पालन करवाने में भी अधिकारी फेल हो चुके हैं। 10 से ज्यादा बिल्डर्स ने नहर-नाला की जमीन को दबाने के बाद प्लाटिंग कर 137 लोगों को करीब साढ़े तीन एकड़ जमीन बेच दी है। बुधवार को यह जानकारी छत्तीसगढ़ अधिकार आंदोलन समिति के अध्यक्ष बनमाली छुरा ने दी। राजधानी के आउटर में चल रहे जमीन हथियाने के खेल को अधिकारी रोकने और कब्जा मुक्त कराने में नाकाम हैं। इसके चलते हमें पत्रकार वार्ता में बात रखनी पड़ रही है। कई बार पत्र व्यवहार करने के बाद भी जमीन खाली करवाने के बजाय कब्जाधारी लोगों को बचाने व बिल्डर्स को फायदा पहुंचाने का खेल किया जा रहा है। समिति के सचिव आशीष तांडी ने बताया कि अब सड़क की लड़ाई लड़ने का समिति से जुड़े लोगों ने मन बना लिया है।

NX MODULAR KITCHEN Galaxy NX
/KitchenGalaxyNXModular
10-15 साल की वारंटी के साथ
No. Extra Expenses
इस त्योहार बनाएं मॉड्युलर किचन आकर्षक ऑफर के साथ...
Gift Hamper up to 15000/-*
₹ 60,000 ₹ 90,000 ₹ 1,50,000
C-4, Sector-1, Devendra Nagar, Near City Center Mall, Raipur 9977115597, 8319076661

## दो साल बाद भी चमचमाते सेक्टर 5 की तरह नहीं हुआ टाउनशिप का विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- सभी सेक्टरों को चकाचक करने भिलाई ननि की योजना ठंडे बस्ते में

बीएसपी टाउनशिप के सभी सेक्टरों को बतौर माडल सेक्टर पांच की तरह विकसित किए जाने की योजना भिलाई नगर निगम में ठंडे बस्ते में है। भिलाई निगम सहित टाउनशिप में विकास के लिए सरकार की तीन एजेंसियां हैं। इसके बाद भी व्याप्त बनियादी समस्याओं के चलते लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

उल्लेखनीय है कि दो साल पूर्व हुए भिलाई नगर निगम के चुनाव के बाद नए महापौर के शपथ ग्रहण समारोह में तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सेक्टर 5 को माडल बताते हुए इसकी तरह अन्य सभी सेक्टरों के विकास की घोषणा की थी। इसके बाद नवपदस्थ महापौर नीरज पाल ने जल्द ही अपने सीएम की घोषणा पर अमल करने एमआईसी में प्रस्ताव लाने का भरोसा दिलाया था। मेयर बनने के पूर्व सेक्टर 5 के वरिष्ठ पार्षद रहे श्री पाल ने अपने सेक्टर में चौतरफा तेजी से विकास कर चकाचक कर दिया था । इसका लाभ उन्हें महापौर चुने जाने के रुप में मिला। लेकिन दो साल बाद भी टाउनशिप के अन्य 11 सेक्टर सेक्टर पांच की तरह विकसित होने के लिए नगर निगम की बाट जोह रहे हैं। सेक्टर 1,2,3 4, 6,7 और सेक्टर 8, 9.10 व रुआबांधा और मड़ौदा सेक्टर में आवासीय, सफाई आदी बुनियादी सुविधाओं की बदहाली के चलते रहवासियों को दिक्कतों को सामान करना पड़ रहा है। जबकि टाउनशि में विकास के लिए भिलाई निगम के अलावा भिलाई इस्पात संयंत्र और रिसाली नगर निगम भी कार्यरत है।

क्षेत्रवासियों ने बताया कि विकास व रखरखाव की तीन एजेंसियों की मौजूदगी के बाद भी बदहाल नागरिक सुविधाओं को अपडेट नहीं किए जाने का खामियाजा टाउनशिपवासियों को भुगतना पड़ रहा है।

### अन्य सेक्टरों में बुनियादी समस्याएं यथावत

सेक्टर 5 के अलावा टाउनशिप के अन्य सभी वार्ड पिछले कई साल से अब मेंटेनेंस से आगे बढ़कर कायाकल्प की मांग कर रहे हैं। पंद्रह बीस साल पूर्व नीट एंड क्लीन दिखाई देने वाली टाउनशिप चौतरफा समस्याओं से ग्रस्त है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि 50 साल पूर्व बने आवासीय ब्लाक जर्जर हो चुके हैं। इनमें सीपेज, छज्जा गिरने व टायलेट जाम आदि की समस्या रोजमर्रे की बात हो गई है। अन्य सेक्टरों मेंबीएसपी सौ से अधिक अनफिट ब्लाकों को सुरक्षा की दृष्टि से डिस्मेंटल भी कर चुका है।

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### शरद पूर्णिमा पर मोहलाई में ग्रामीणों ने किया भजन-कीर्तन

**बालोद।** शरद पूर्णिमा के दिन ग्राम मोहलाई में ग्रामीणों ने भजन कीर्तन किया। इस दौरान खीर बनाकर खुले आसमान के नीचे रखने के बाद देर रात करीब 1 बजे उसे ग्रामीणों में प्रसाद स्वरूप वितरित किया गया। जानकारी के अनुसार बीते 40 वर्ष से मोहलई के नयापारा में हर साल शरद पूर्णिमा के दिन भजन कीर्तन का आयोजन किया जाता है। इस परंपरा को बनाए रखने के लिए ग्रामीण काफी उत्साह के साथ कार्यक्रम में शामिल होते हैं। इसके साथ ही खीर बनाने गांव के लोग चावल, दूध, शक्कर या कोई आर्थिक मदद की। सभी के सहयोग से खीर बनाकर खुले आसमान के नीचे उसे रखकर चंद्रमा की किरणें पड़ने के बाद प्रसाद के रूप में वितरित किया गया।

### नशामुक्ति जागरुकता रथ को किया रवाना

**बालोद।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने नशामुक्त भारत अभियान के तहत संयुक्त जिला कार्यालय परिसर से जागरूकता रथ को रवाना किया। समाज कल्याण विभाग के उप संचालक अजय गेदाम ने बताया कि उक्त वाहन के माध्यम से जिले के विभिन्न विकासखण्डों में भ्रमण कर लोगों को नशामुक्ति के प्रति जागरूक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वाहन में नशा पीड़ितों के लिए नशामुक्ति केन्द्र के संबंध में भी जानकारी प्रसारित की गई है। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने समाज कल्याण विभाग के अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले में नशामुक्ति अभियान का बेहतर प्रचार–प्रसार सुनिश्चित करें।

### 20 को बालोद आएंगे सतनामी समाज के धर्म गुरु बालदास साहेब

**गुण्डरदेही।** सतनामी समाज के धर्म गुरु एवं मनोनीत प्रदेश अध्यक्ष गुरु बालदास साहेब व उनके सुपुत्र विधायक आरंग विधानसभा व उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण छग शासन खुशवंत साहेब, गुरु सोमेश साहेब एवं गुरु सौरभ साहेब का 20 अक्टूबर को बालोद पहुंचेंगे। सभी बालोद में आयोजित जिला सतनामी समाज के नव निर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। गुण्डरदेही तहसील सतनामी समाज के अध्यक्ष नीलकंठ टंडन ने बताया कि समाज के धर्म गुरु बालदास साहेब व विधायक खुशवंत साहेब बालोद जाते समय कुछ समय के लिए गुण्डरदेही रेस्ट हाउस में रुकेंगे, जहां समाज के पदाधिकारियों द्वारा स्वागत किया जाएगा।

### जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत कार्यक्रम आज

**बालोद।** जिला मुख्यालय बालोद स्थित शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में 18 अक्टूबर को जनजातीय समाज के गौरवशाली अतीत कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। प्राचार्य ने बताया कि दोहपर 12.30 बजे से आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला भाजपा अध्यक्ष पवन साहू होंगे। मुख्य वक्ता केद्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय हल्बा-हल्बी आदिवासी समाज देवेन्द्र माहला होंगे।

# कोई गलत तरीके से छूए, तो डरें नहीं, जोर से आवाज लगाएं, आसपास के लोगों को बताएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय प्राथमिक शाला गुनरबोड़ में विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्यों द्वारा बच्चों को गुड टच बेड टच की पूरी जानकारी सरल शब्दों में दी गई।

बच्चों को बताया गया कि किसी भी व्यक्ति द्वारा गलत तरीके से स्पर्श करने पर डरना नहीं है, बल्कि उसकी जानकारी तुरंत अपने माता पिता या जिस पर आपको भरोसा हो उसे बताएं। आपके जान पहचान का व्यक्ति भी आपके साथ गलत कर सकता है। इसीलिए हमेशा सतर्क रहें। डरना और शरमाना नहीं है। यदि कोई आपके साथ जबरदस्ती करने की कोशिश करे, तो जोर से आवाज लगाएं। दांतों से काटकर छुड़ाने का प्रयास करें और तुरंत आस पास जो भी बड़ा व्यक्ति है, उसके पास जाकर उन्हें बताएं। नवाचारी शिक्षिका विधि शर्मा ने बच्चों को बताया कि गुड टच और बेड टच में अंतर को समझना है। यदि किसी व्यक्ति का छूना आपको अच्छा नहीं लग रहा है, इसी को ही बेड टच कहा जाता है। ऐसे में तुरंत वहां से दूर चले जाएं और अपने माता पिता को इसकी जानकारी जरूर दें। आपके जान पहचान पड़ोस वाले या रिश्तेदार कोई भी आपको गलत तरीके से स्पर्श करता है, तो बिना डरे उसकी जानकारी दें।

■ शासकीय प्राथमिक शाला गुनरबोड़ में गुड टच, बेड

नवाचारी शिक्षिका विधि शर्मा ने बच्चों से कहा यदि स्कूल के आस पास कोई ऐसी घटना होती है, तो तुरंत हमारे पास आकर जानकारी दें। अनजान व्यक्ति से दूर रहें।विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सोनिया, स्वाति, पवन साहू, देवेंद्र यादव, पंकज, धरमू बारले ने बच्चों को सम्पूर्ण जानकारी दी। अंत में प्रधान पाठक आशा कुजूर ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

**योजना :** आयुष्मान भारत के तहत सभी व्यक्तियों का बनाया जाना है कार्ड

# गांवों में लगाए जा रहे हैं शिविर, पहले दिन 1150 आयुष्मान कार्ड बनाए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



आयुष्मान भारत योजना के तहत ज़िले में छूटे सभी लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश कलेक्टर रणबीर शर्मा ने पिछली समय-सीमा की बैठक में दिये हैं। उन्होंने सभी स्वास्थ्य केंद्रों के अलावा भी अन्य स्थानों पर शिविर लगाकर कार्ड बनाने कहा। इसी तारतम्य में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवागढ़ के अंतर्गत आने वाले विभिन्न ग्रामों में खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ.एमएम एवं बीपीएम सीके देवांगन के मार्गदर्शन में 16, अक्टूबर से विकासखण्ड नवागढ़ में आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है।

स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा विकासखण्ड के अलग अलग ग्रामों में शिविर लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। शासन के मंशानुरूप शत प्रतिशत लोगों के पास आयुष्मान कार्ड बना हुआ होना चाहिए जिससे किसी भी मेडिकल एमरजेंसी की स्थिति में निशुल्क कैशलेस उपचार प्राप्त हो सके। खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ रजा ने बताया कि आयुष्मान भारत के तहत सभी व्यक्तियों का कार्ड बनाया जाना है। इसके लिए वर्तमान में 03 दिवसीय शिविर का आयोजन विकासखण्ड के अलग-अलग ग्रामों में किया जा रहा है। शिविर के बाद छूट गए लोग नजदीक के किसी भी स्वास्थ्य संस्था में अपना आयुष्मान कार्ड बना सकते हैं। आयुष्मान कार्ड द्वारा कैश लेस उपचार की सुविधा होने से बेहतर इलाज हेतु सुविधा मिलती है। शिविर के प्रथम दिवस विकासखण्ड नवागढ़ में 1150 कार्ड बनाए गए। कार्यक्रम के सुचारू संचालन में स्वास्थ्य विभाग नवागढ़ के समस्त आरएमए, बीईटीओ, सुपरवाइजर, सीएचओ, आरएचओ, जेएसए, आयुष्मान मित्र का विशेष योगदान है। स्वास्थ्य विभाग अपील करता है कि सभी छूटे व्यक्ति में अनिवार्य रूपसे अपना कार्ड बनवाये।

### बीपीएल के लिए 5 लाख व एपीएल के लिए 50 हजार तक इलाज की सुविधा

वर्तमान में बीपीएल कार्ड धारी परिवार हेतु 5 लाख एवं एपीएल कॉर्डधारी परिवार हेतु 50 हजार रुपये तक का निःशुल्क इलाज सुविधा आयुष्मान कार्ड द्वारा उपलब्ध है। इलाज की सुविधा समस्त शासकीय अस्पताल एवं अनुबंधित निजी अस्पताल में उपलब्ध है।

# अखिल भारतीय छत्तीसगढ़ी महासभा की मांग पर साय कैबिनेट ने लगाई मुहर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

देश में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी द्वारा 1975 में लगाये गए आपात काल के दौरान जेल में निरुद्ध लोगों को भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वारा सम्मान करते हुए लोकतंत्र सेनानी सम्मान निधि प्रदान की जा रही है।

अखिल भारतीय छत्तीसगढ़ी महासभा के संयोजक डॉ सौरभ निर्वाणी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर इमरजेंसी के दौरान निरुद्ध हुए मीसा बंदियों के दिवंगत हो जाने पर राजकीय सम्मान के साथ अंत्येष्टि किये जाने की मांग रखी थी। अखिल भारतीय छत्तीसगढ़ी महासभा की मांग पर साय कैबिनेट ने मुहर लगाते हुए राज्य में लोकतंत्र सेनानियों की अंत्येष्टि राजकीय सम्मान के साथ करने के साथ-साथ 25 हजार की अंत्येष्टि राशि देने की भी घोषणा की है। इस पर राज्य भर के 320 लोकतंत्र सेनानियों ने सरकार का आभार व्यक्त किया है। लोकतंत्र सेनानी अधिवक्ता हृदयनारायण निर्वाणी ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सच्चिदानंद उपासने का आभार जताते हुए कहा कि उस दौर में जो हम सब संघ के स्वयं सेवक तानाशाही का विरोध करते हुए महीनों जेल में रहे तो इस आकांक्षा से नहीं थे सम्मान होगा बल्कि वह देश बचाने, लोकतंत्र को बचाने तानाशाही के विरोध में उठाया गया कदम था। भारतीय जनता पार्टी के मुख्यमन्त्री सरकार में बैठे लोग आज हमारे कामों को समाज में रेखांकित कर रहे हैं, इससे बढ़कर कुछ भी नहीं। अखिल भारतीय छत्तीसगढ़ी महासभा के संयोजक डॉ सौरभ निर्वाणी ने साय कैबिनेट के फैसले पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए आभार जताया है।

# श्री राम मंदिर की जमीन को हड़पने में लगे भाजपाई : राजेंद्र




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

श्री राम मंदिर मूर्ति ग्राम मजगांव की जमीन की खरीदी बिक्री के मामले में आंदोलन के चौथे दिन दुर्ग लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी रहे राजेंद्र साहू धरना स्थल पहुंचकर आंदोलन में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि दुर्ग लोकसभा के भाजपा के सांसद प्रतिनिधि द्वारा जिस तरह से राम मूर्ति सार्वजनिक न्यास की जमीन को खरीदा गया है, यह प्रदर्शित करता है कि भाजपा केवल भगवान राम का नाम राजनैतिक फायदा लेने के लिए करती है, उन्हें भगवान राम से कोई सरोकार नहीं है। भगवान राम के नाम से दान में दी गई जमीन को भी भाजपाई हड़पने में लगे हुए हैं। इस मामले में शासन प्रशासन छोटे कर्मचारियों पर ही कार्यवाही कर रही है जबकि बड़े अधिकारियों को बचाने की कोशिश की जा रही है ,अगर प्रशासन ने ठोस कार्रवाई नहीं की तो हम बड़ा आंदोलन करेंगे।

■ कांग्रेस के पूर्व लोक सभा प्रत्याशी ने लगाया आरोप

धरना प्रदर्शन में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बंशी पटेल, मुकेश चंद्राकार जिला अध्यक्ष भिलाई, सुमन गोस्वामी अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी, लूकेश वर्मा अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस, शकुंतला साहू अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, रीना मिथलेश वर्मा जनपद अध्यक्ष, जोगेंद्र छाबड़ा, ललित विश्वकर्मा, शत्रुहन साहू, पार्षद मनोज शर्मा, रस्मी मिश्रा, रेहाना रवानी, अखिलेश नामदेव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे।

# विश्व खाद्य दिवस पर हुई वाद-विवाद प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

रेवेन्द्र सिंह वर्मा कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र में विश्व खाद्य दिवस के उपलक्ष्य में एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम बेहतर जीवन और भविष्य के भोजन का अधिकार पर आधारित इस कार्यक्रम में छात्रों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्रों के बीच एक वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षकों ने भी हिस्सा लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. संदीप भंडारकर ने की, जिन्होंने छात्रों को समझाया कि अपनी बातों को मजबूत बनाने के लिए आंकड़ों का सही इस्तेमाल कैसे किया जाए। कार्यक्रम का सफल आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. साक्षी बाजाज द्वारा किया गया। उन्होंने कविता के माध्यम से छात्रों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के अन्य प्रमुख शिक्षक डॉ. टी.डी. साहू, डॉ. यू.के. ध्रुव, कुंती बंजारे, डॉ. हेमलता निराला, डॉ. नूतन सिंह और डॉ. सरिता शर्मा भी उपस्थित रहे।

■ रेवेंद्र सिंह वर्मा कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र में हुआ



# शरद पूर्णिमा महोत्सव संगीत समारोह में कथक की प्रस्तुति से मंत्रमुग्ध हुए दर्शक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा




श्रीराम मंदिर संगीत रसिक जन परिवार बेमेतरा के तत्वावधान में एकदिवसीय शरद पूर्णिमा महोत्सव संगीत समारोह का आयोजन श्री राम मंदिर प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संगीतकार सतानंद यादव, विश्राम मिश्रा एवं पं. शिवकुमार पाठक ने किया।

सर्वप्रथम कार्यक्रम में समन्वय संगीत विद्यालय मुंगेली द्वारा कत्थक नृत्य प्रस्तुति दी गई, जिसे देखकर दर्शकगण मंत्र मुग्ध होकर ताली बजाने लगे। द्वितीय प्रस्तुति सुशील द्विवेदी भिलाई द्वारा सुगम संगीत गजल गीत प्रस्तुति एवं संगत में पं. सुरेश भट्ट खैरागढ़, रामचंद्र सर्पे द्वारा तबला वादन व सफीक हुसैन द्वारा सारंगी वादन को सुनकर श्रोता गदगद हो गए। समन्वय संगीत विद्यालय मुंगेली एवं सुशील द्विवेदी संगीत टीम भिलाई को आयोजक द्वारा सम्मानित कर प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया। महोत्सव में श्री रामचरितमानस संघ जिला अध्यक्ष अनिल रजक ,सतानंद यादव,सतनाम सिंह, रमेश सैनिक, अंजोर यदु, ज्ञानी सिंह, विभाष मिश्रा, दिनेश गौतम, नारायण पाठक, अगम मानिकपुरी, बृजेन्द्र श्रीवास्तव, संतोष साहू,नोहर मानिकपुरी, भागबली देवांगन, बसंत साहू, मोहन मानिकपुरी, नगर पालिका उपाध्यक्ष पंचू साहू, पार्षद देवराम साहू, हेमू सहित समिति के सदस्य उपस्थित थे।

# परपोड़ी वितरण केन्द्र में हुई प्रशिक्षण कार्यशाला

**साजा।** बुधवार को परपोड़ी वितरण केन्द्र में कार्यालय निरीक्षण के साथ-साथ विद्युत सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अभियंता एम. जामुलकर (दुर्ग क्षेत्र) दुर्ग, अतिरिक्त मुख्य अभियंता एच.के.मेश्राम, कार्यपालन अभियंता अनसुईया ठाकुर ने कार्यपालन अभियंता श्री शुक्ला, साजा संभाग, सहायक अभियंता जीपी बंजारे देवकर उपसंभाग, कनिष्ठ अभियंता मिलेश साहू, परपोड़ी वितरण केन्द्र की उपस्थिति में तकनीकी कर्मचारियों व एफओसी कर्मचारियों को विद्युत सुरक्षा संबंधी जानकारी प्रदान की गई।




### डॉ मोना ने बनाए 500 सदस्य

**बालोद।** संजारी बालोद विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी बालोद शहर महिला मोर्चा की महामंत्री डॉ मोना टुवानी ने 500 नए सदस्य बनाए हैं। भाजपा का सदस्यता अभियान इन दोनों जोरों पर है। बालोद शहर महिला मोर्चा महामंत्री डॉ टुवानी ने संजारी बालोद विधानसभा क्षेत्र में सबसे अधिक 500 सदस्य बनाने में सफलता अर्जित की है। मोना ने कहा कि सरकार की महतारी वंदन योजना से आज महिलाएं सबल हो रही हैं, उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। छोटी छोटी आवश्यकताओं के लिए उन्हें दूसरों के आगे हाथ फैलाना नहीं पड़ता। इस योजना के कारण महिलाओं का विश्वास भाजपा पर बढ़ा है। इसके साथ ही केंद्र एवं राज्य की भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं के कारणलोग भाजपा से जुड़ने के लिए लालायित हैं।

## पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

**स्कूली छात्र-छात्राओं ने प्रमाण पत्र बनवाने जमा किए आवश्यक दस्तावेज**

# जाति व निवास प्रमाण पत्र बनाने लगाए गए शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



जिले के अंतर्गत स्कूली छात्र-छात्राओं के जाति निवास एवं आय प्रमाण पत्र बनाने के लिए संकुलवार जोन स्तरीय शिविर का आयोजन सभी 15 जोन स्तरीय शालाओं में 16 एवं 17 अक्टूबर को किया गया।

शिविर में जाति, निवास व आय प्रमाण पत्र के लिए आवश्यक दस्तावेज के साथ पालकों की उपस्थिति हेतु व्यापक प्रचार प्रसार किया गया, ताकि अधिक से अधिक छात्रों का फॉर्म शिविर स्थल में ही ऑनलाइन सबमिट हो सके। ज़िले के सभी ब्लॉक के छात्रों के निवास प्रमाण पत्र लक्ष्य 38619 निर्धारित है। ज़िला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि लक्ष्य पूरा कर लिया जाएगा ।

संबंधित जोन क्षेत्र के राजस्व अधिकारी, कर्मचारी व पटवारी की उपस्थिति हेतु कलेक्टर रणबीर शर्मा ने स्पष्ट आदेश जारी कर निर्देशित किया गया था ताकि किसी प्रकार की जाति निवास प्रमाण पत्र बनवाने को लेकर समस्या का त्वरित निराकरण शिविर स्थल पर ही हो सके। शिविर का आयोजन बेरला स्थित देवरबीजा, भिभौरी, बेमेतरा में बालसमुन्द, खंडसरा, दाढ़ी, बाबामोहतरा, नवागढ़ में झाल, संबलपुर, मारो, नांदघाट, वि.ख.साजा में साजा, परपोडी, देवकर व थानखम्हरिया में किया गया। शिविर के अंतिम दिवस जिला शिक्षा अधिकारी बेमेतरा कमल कपूर बंजारे द्वारा नवागढ़ विकासखंड के जोन स्तरीय उच्चतर माध्यमिक शाला मारो एवं उच्चतर माध्यमिक शाला नांदघाट का निरीक्षण कर शिविर स्थल का जायजा लिया गया। आवश्यक दिशा निर्देश और शिविर के सुचारू संचालन जाति, निवास एवं आय प्रमाण पत्र के निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि के लिए विशेष जोर दिया गया।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
By Train-रिजर्वेशन कोच
06 नवम्बर से 18 नवम्बर 2024, 20 दिसंबर से 01 जनवरी 2025
24 जनवरी से 05 फरवरी 2025, 21 फरवरी से 05 मार्च 2025
02 मार्च से 19 मार्च 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर(सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी, पशुपतिनाथ, लुम्बिनि (भगवानबुद्ध का जन्म स्थान), माँ मनोकामना देवी, पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फाल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बुढ़ानिलकंड, सांघा), काठमांडू दरबार, भक्तपुर,गोरखनाथ मंदिर, अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), वाराणसी (काशी विश्वनाथ)
राशि:-स्लीपर 18500/- 3 एसी 27,500/-2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411